कैलाश-नगर गान्धीनगर, दिल्ली में तनाव की स्थिति

1155. **डा० सूर्य प्रकाश पुरी :**
श्री रामावतार शर्मा :

क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कैलाश नगर-गांधी नगर, दिल्ली में साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति बनी हुई है क्योंकि उस क्षेत्र में जो भूमि 'मास्टर प्लान' में एक सामुदायिक केन्द्र बनाने के लिए रखी गई थी, उस पर कुछ लोगों ने गैर-कानूनी ढंग से कब्जा कर लिया है और उस क्षेत्र के निवासियों की इच्छा के विरुद्ध वहां पर गैर-कानूनी निर्माण कर लिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस साम्प्रदायिक तनाव के कारण को दूर करने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्याचरण शुक्ल) : (क) जी नहीं, श्रीमान् ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Conduct of a Delhi S.D.M.

1156. SHRI RAM SWARUP VIDYARTHI: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that complaints have been reecived that one S.D.M. of Delhi took a Police Officer with him while visiting the jail for identification of a certain accused;

(b) whether it is also a fact that the S.D.M.|Magistrate gave the identification of that Police Officer as his Reader; and

(c) if so, the action taken or proposed to be taken against that official?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA): (a) to (c). The matter is under investigation.

दिल्ली में पालिटैकनिक संस्थाओं के विद्यार्थियों को छात्रवृत्तियां

1157. **श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पूसा, कश्मीरी गेट और ओखला स्थित पोलीटेकनिक इन्स्टीट्यूट्स में डिप्लोमा पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में ऐसे कितने विद्यार्थी हैं जिन्हें "योग्यता एवं साधन" छात्रवृत्तियां दी गई थीं और जिन्होंने प्रथम वर्ष की वार्षिक परीक्षा में 55 और 60 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये थे और जिन्हें द्वितीय वर्ष में छात्रवृत्तियां दी गई हैं ;

(ख) क्या उपरोक्त पालिटेकनिक संस्थाओं में कोई ऐसी संस्था भी है जिसमें अब तक उक्त वर्ग के विद्यार्थियों को कोई छात्रवृत्ति नहीं दी गई है ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ; उन्हें कब तक छात्रवृत्तियां दी जायेंगी ?

शिक्षा मंत्री (डा० त्रिगुण सेन) : (क) से (ग) 1967–68 के सत्र के दौरान दाखिल हुए विद्यार्थियों की प्रथम वर्ष डिप्लोमा परीक्षाओं के परिणाम जून, 1968 में घोषित किये गये थे। नया सत्र 15–7–68 से शुरू हुआ था। छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले 22 विद्यार्थियों ने 55 से 60 प्रतिशत तक अंक प्राप्त किये थे। छात्रवृत्तियों के लिये आवेदन-पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तारीख अभी तक व्यतीत नहीं हुई है। आवेदन-पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तारीख के बाद ही छात्रवृत्तियों के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय दिया जायेगा।